हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

17 मार्च, 2006

खण्ड 2, अंक 1

अधिकृत विवरण



विषय सची

शुक्रवार, 17 मार्च, 2006

	पृष्ठ संख्या
शोक प्रस्ताव	(2)1
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(2)7
नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(2)29
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(2)47
घोषणाएं	
(क) अध्यक्ष महोदय द्वारा	
(i) सभापतियों की सूची	(2)59
(ii) अनुपस्थिति की अनुमति	(2)59
(ख) सचिव द्वारा	
राज्यपाल द्वारा अनुमति दिए गए बिलों संबंधी	(2)63
बिजनैस एडवाईजरी कमेटी की पहली रिपोर्ट	(2)64
नियम 121 के अधीन प्रस्ताव	(2)66
सदन की मेज पर रखे गए/पुन: रखे गए कागज-पत्र	(2)67
बाक आउट	(2)68
अनुपूरक अनुमान प्रस्तुत करना	(2)68
प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना	(2)69
वर्ष 2006-07 के लिए बजट अनुमान प्रस्तुत करना	(2)69

मूल्य :

110

HVS/Lib 6

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh * LIBRARY

हरियाणा विधान सभा

शुक्रवार, 17 मार्च, 2006

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में 14.00 बजे हुई। अध्यक्ष (डा० रघुवीर सिंह कादियान) ने अध्यक्षता की।

शोक प्रस्ताव

Mr. Speaker : Now, the Chief Minister will make obituary references.

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, पिछले सत्र और इस सत्र के अन्तराल में हमारे कई साथी हमें छोड़कर चले गए हैं। मैं सदन में उनके शोक प्रस्ताव रखता हूं।

सरदार लछमन सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री सरदार लछमन सिंह के 21 फरवरी, 2006 को हुए दु:खद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है ।

उनका जन्म 10 जनवरी, 1922 को हुआ। वे 1967 में हरियाणा विधान सभा के लिए चुने गये और मंत्री रहे। वे 1977 और 1982 में पुन : हरियाणा विधान सभा के लिए चुने गये तथा 1978-83 के दौरान मंत्री रहे। वे 1996 में राज्य सभा के लिए भी चुने गये। उन्होंने सदैव आम आदमी के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने कई देशों की यात्राएं कीं।

उनके निधन से देश एक योग्य प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

हरियाणा के स्वतन्त्रता सेनानी

यह सदन उन श्रद्धेय स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है, जिन्होंने हमारे देश की आज़ादी के संघर्ष में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

इन महान् स्वतन्त्रता सेनानियों के नाम इस प्रकार हैं :

1. श्री हरद्वारी लाल, गांव खाड़ीवाना, जिला भिवानी।
2. श्री उत्तम चंद शरर, पानीपत।
3. श्री स्योराम, गांव चकरपुर, जिला गुड़गांव।

4. श्री मलखान सिंह, गांव खेड़ला, जिला गुड़गांव।

5. श्री चंद्रभान, रोहतक।

6. श्री फूलचंद, गांव किलाजफरगढ़, जिला जींद।

7. श्री रामकिशन, गांव ईगराह, जिला जींद।

8. श्री तुलसीराम, गांव दगड़ौली, जिला भिवानी।

9. श्री बलबीर सिंह, गांव सफेदा नगर, जिला गुड़गांव।

10. श्री श्योनारायण, गांव करीरा, जिला महेन्द्रगढ़।

11. श्री परशु राम, गांव डाडावास, जिला गुड़गांव।

12. श्री उदमीराम, गांव सुरपुरा खुर्द, जिला भिवानी।

13. श्री शिवलाल, गांव मुसैदपुर, जिला गुड़गांव।

14. श्री प्रभु सिंह, गांव राजली, जिला हिसार।

यह सदन इन महान् स्वतन्त्रता सेनानियों को शत-शत नमन करता है और इनके शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

हरियाणा के शहीद

यह सदन उन वीर सैनिकों को अपना अश्रुपूर्ण नमन करता है, जिन्होंने हमारी मातृभूमि की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता से लड़ते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

इन महान् वीर सैनिकों के नाम इस प्रकार हैं:

1. लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव बख्शी, पंचकूला।

2. हवलदार रोहताश सिंह गांव दुजाना, जिला झज्जर।

3. हवलदार रूपचंद, गांव नंदगांव, जिला भिवानी।

4. लांस नायक विरेन्द्र, गांव भुआपुर, जिला फरीदाबाद।

5. नायक राम निवास, गांव अलिभुदीनपुर, जिला गुड़गांव।

6. सिपाही भक्तिपाल सिंह, गांव शहजादपुर, जिला अम्बाला।

7. सिपाही जय भगवान, गांव सिवाह, जिला जींद।

8. सिपाही सुरेन्द्र सिंह गांव चुलियाणा, जिला रोहतक।

9. सिपाही, भीष्म, गांव खरक पाण्डवां, जिला कैथल।

10. सिपाही सुनील कुमार, गांव दूधवा, जिला भिवानी।

यह सदन इन महान् वीरों की शहादत पर इन्हें शत-शत नमन करता है और इनके शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

वाराणसी बम विस्फोट में मारे गये लोग

यह सदन 7 मार्च, 2006 को वाराणसी में हुए बम विस्फोटों में मारे गये मासूमों के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन ऐसी जघन्य घटना की घोर निंदा करता है तथा दिवंगतों के शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

सामान्य

यह सदन मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के मामा के पोते श्री आशीष;

हरियाणा विधान सभा के सदस्य श्री दुड़ाराम के पिता, हरियाणा विधान सभा के सदस्य श्री भजन लाल के भाई उप-मुख्यमंत्री श्री चन्द्रमोहन तथा सांसद श्री कुलदीप बिश्नोई के चाचा श्री मनफूल सिंह तथा संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर के पिता श्री अमर सिंह के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगतों के शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

डा० सुशील इंदौरा (ऐलनाबाद एस०सी०) : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदन के नेता चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने जो शोक प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया है मैं उस शोक प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए अपनी तरफ से, अपने साथियों की तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से गहरा शोक प्रकट करता हूं। सरदार लछमन सिंह, भूतपूर्व मंत्री के निधन पर मैं गहरा शोक प्रकट करता हूं। वे बहुत ही सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। मुझे उनके साथ राज्यसभा में काम करने का अवसर मिला था। राज्यसभा की एक कमेटी में हम दोनों एक साथ मैंबर थे। उस समय मैंने उनसे काफी कुछ सीखा। वे एक योग्य समाज सेवक थे और उन्होंने हर वर्ग के विकास में अहम भूमिका निभाई है। उनके निधन से मुझे गहरा दुख है। मैं अपनी तरफ से, अपने साथियों की तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से हमारे स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर भी गहरा शोक प्रकट करता हूं। इन महान

[डा० सुशील इंदौरा]

स्वतन्त्रता सेनानियों के नाम इस प्रकार हैं: श्री हरद्वारी लाल, गांव डाढ़ीबाना, जिला भिवानी, श्री उत्तम चंद शरर, पानीपत, श्री श्योराम, गांव चकरपुर, जिला गुड़गांव, श्री मलखान सिंह, गांव खेड़ला, जिला गुड़गांव, श्री चंद्रभान, रोहतक, श्री फूलचंद, गांव किलाजफरगढ़, जिला जींद, श्री रामकिशन, गांव ईगराह, जिला जींद, श्री तुलसाराम, गांव दगड़ौली, जिला भिवानी, श्री बलबीर सिंह, गांव सफेदा नगर, जिला गुड़गांव, श्री श्योनारायण, गांव करीरा, जिला महेन्द्रगढ़, श्री परशु राम, गांव डाडावास, जिला गुड़गांव, श्री उदमीराम, गांव सुरपूरा खुर्द, जिला भिवानी, श्री शिवलाल, गांव मुसैदपुर, जिला गुड़गांव, और श्री प्रभु सिंह, गांव राजली, जिला हिसार। हमारी पार्टी इन सब स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर गहरा शोक प्रकट करती है। अध्यक्ष महोदय, यह सदन स्वतंत्रता सेनानियों को प्रणाम करता है, हम भी स्वतंत्रता सेनानियों को प्रणाम करते हैं। हमारी सोच रही है कि हरियाणा प्रदेश के जो स्वतंत्रता सेनानी हैं उनको मान सम्मान दिया जाये। उनके नाम पर हरियाणा में जो बड़ी-बड़ी संस्थाएं हैं, उनके नाम रखे जायें। पूरा सदन इस बात पर गौरव भी महसूस करेगा लेकिन बड़े दुख की बात है कि मौजूदा सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। पानीपत थर्मल प्लांट का नाम महान् स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी देवी लाल के नाम से रखा हुआ था। मैं सरकार को आगाह करना चाहता हूं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी तरफ से, अपने साथियों की तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से हरियाणा के महान् शहीदों को प्रणाम करता हूं क्योंकि इन वीर शहीदों ने हमारे देश की रक्षा करते हुए अपनी शहादत दी है। इसके अतिरिक्त मैं 7 मार्च, 2006 को वाराणसी में हुए बम विस्फोटों में मारे गये मासूम लोगों के दुःखद निधन पर भी अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से गहरा शोक प्रकट करता हूं। इसके अतिरिक्त मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के मामा के पोते श्री आशीष के निधन पर भी गहरा शोक प्रकट करता हूं। मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से श्री मनफूल सिंह के निधन पर भी गहरा शोक प्रकट करता हूं। वे बहुत अच्छे समाज सेवी थे। वे पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल के भाई ही नहीं थे बल्कि उनके अच्छे दोस्त के रूप में भी उनका साथ दिया था। वे मेरे साथी विधायक चौधरी दूडाराम जी के पिता श्री थे, हमारे उप-मुख्यमंत्री चौधरी चन्द्र मोहन जी और संसद सदस्य श्री कुलदीप बिश्नोई के चाचा थे। इससे पता चलता है कि वे एक राजनीतिक परिवार से जुड़े हुए थे। वे अचानक हमें छोड़कर चले गये, उनके निधन पर मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से गहरा शोक प्रकट करता हूं। इसके अतिरिक्त हमारी संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर के पिता श्री अमर सिंह के निधन पर भी मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से गहरा शोक प्रकट करता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी के नेता चौधरी ओम प्रकाश चौटाला तथा अपनी पार्टी के साथियों की तरफ से सभी दिवंगत लोगों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं तथा परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वे इन दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे तथा उनके परिवारों को यह असीम दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। धन्यवाद।

श्री राधेश्याम शर्मा अमर (नारनौल) : अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता आदरणीय चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की तरफ से जो शोक प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। हमारे पूर्व मन्त्री सरदार लक्ष्मण सिंह सांसद भी रहे और बहुत ही अच्छे विधायक थे तथा बहुत ही बढ़िया सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे लोगों की मुसीबतों तथा दुःख दर्द को बहुत ही सहानुभूतिपूर्वक सुनते थे। वे लोगों की समस्याओं का समाधान करने में गहरी रूचि रखते थे और

उन समस्याओं को हल करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया करते थे। एक बार मेरे गांव में भी उनका जाना हुआ था उनके वहां जाने पर आस पास के काफी लोग वहां पर एकत्रित हो गए थे और लोगों ने उनकी बातों को बड़े ध्यान से सुना और वहां के लोगों ने उनकी बहुत ही प्रशंसा भी की । मैं उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करता हूं। अध्यक्ष महोदय, हमारे जो महान् स्वतन्त्रता सेनानी रहे हैं उन्हीं के बलिदानों के कारण तथा उनकी कुर्बानियों की वजह से ही आज हम यहां पर स्वतन्त्र रूप से बैठे हुए हैं। मैं प्रस्ताव में वर्णित स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। वे सैनिक जो देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए और इस देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाई उनके निधन पर मैं अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। इसके साथ ही वाराणसी के अन्दर जो भीषण बम विस्फोट हुए जिसके कारण अनेकों निर्दोष भाई बहन मारे गए और अनेकों घायल हुए, उनके प्रति भी मैं गहरा दुःख व्यक्त करता हूं तथा इन बम विस्फोटों की निन्दा करता हूं। वाराणसी में हिन्दु मुस्लिम लोगों को मैं अपनी बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने वाराणसी में हिन्दू-मुस्लिम अथवा धार्मिक तनाव पैदा नहीं होने दिया और वातावरण को बहुत ही बढ़िया तथा सौहार्दपूर्ण बनाए रखा । हमारे सदन के नेता चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के मामा के पोते अशीष का असामयिक निधन हो गया है और सारे सदन ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। मैं भी उनके प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। इसी प्रकार से हमारे साथी विधायक श्री दुड़ा राम के पिता जी, हमारे आदरणीय उप-मुख्य मन्त्री श्री चन्द्र मोहन जी के चाचा जी तथा हमारे सांसद विश्नोई श्री कुलदीप सिंह के चाचा तथा चौधरी भजन लाल जी के छोटे भाई चौधरी मनफूल सिंह के निधन पर भी मैं गहरा शोक प्रकट करता हूं। हमारी संसदीय सचिव माननीय कुमारी शारदा राठौर के पिता श्री अमर सिंह जी का असामयिक निधन हो गया है। सारे सदन के साथ मैं भी अपनी तरफ से उनके प्रति गहरा शोक व्यक्त करता हूं तथा परमपिता परमात्मा से यह प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें तथा उनके परिवारों को यह असीम दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। धन्यवाद।

शिक्षा मन्त्री (श्री फूल चन्द मुलाना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आदरणीय मुख्य मन्त्री जी ने जो शोक प्रस्ताव रखा है मैं अपने आप को इस प्रस्ताव के साथ जोड़ता हूं। सरदार लछमन सिंह जी हमारे बहुत ही पुराने राजनेता थे। उन्होंने 1967 में पहली बार कालका से चुनाव लड़ा था और मैंने भी 1967 में ही पहली बार छछरौली हल्के से चुनाव लड़ा था, तब से लेकर उनके निधन तक उनके साथ मेरे बहुत ही मधुर सम्बन्ध रहे। वे बहुत ही जिन्दादिल व्यक्ति थे। सरदार लछमन सिंह जी से जब भी पूछते थे कि आपकी आयु कितनी है तो वे कहा करते थे कि गुलामी का जो समय था मैं उसको अपनी उम्र में नहीं गिनता और दूसरे जब जब हमारी सरकार नहीं रही उसको भी मैं अपनी उम्र में नहीं गिनता बाकी आप लगा लीजिए कि मेरी उम्र कितनी होगी और अगर सारी उम्र गिने तो मेरी उम्र करीब 20-25 साल ही हुई है। अध्यक्ष महोदय, वे बहुत ही खुशदिल और जवांदिल व्यक्ति थे। वे बाथरूम से नहा कर निकले और बाथरूम के बाहर ही वहां पर गिर गए। विधि का विधान देखिए:

जमाना बड़े शौक से सुन रहा था दास्तां अपनी, हम ही सो गए दास्तां कहते कहते।

अध्यक्ष महोदय, 1982 में वे मेरे साथ ही मन्त्री थे और 1983 में हमें इकट्ठे ही मन्त्रिमण्डल से बर्खास्त किया गया था। हमारे उनके साथ बहुत ही मधुर सम्बन्ध थे। मुझे उनके निधन पर गहरा दुःख हुआ है। इसी प्रकार सदन के नेता ने स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर,

[श्री फूल चन्द मुलाना]

हरियाणा के शहीदों के निधन पर और वाराणसी बम्ब विस्फोट में कई निर्दोष लोगों के निधन के बारे में भी शोक प्रस्ताव रखा है। मैं इस पर गहरा शोक प्रकट करता हूं। स्पीकर महोदय, स्वतन्त्रता सेनानियों के सहारे ही हम आज यहां पर बैठे हुए हैं। यहां पर उनके लिए यह कहना सही होगा कि "शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बांकी निशां होगा।" तो हम सब का फर्ज है कि हम उनको नमन करें। इसी प्रकार से यह जो आतंकवाद में लोग मारे गए हैं यह बहुत ही दु:खद घटना है। आज सारे देश में आतंकवाद के खिलाफ बहुत जोर-शोर से लड़ाई लड़ी जा रही है लेकिन बहुत सारे अंश ऐसे हैं जिनका इन्सानियत से कोई तालुक नहीं है। यह आतंकवादी इन्सानियत के खिलाफ हैं। इनके खिलाफ हम सभी को मिलकर जंग लड़नी होगी। इसी के साथ सदन के नेता श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के मामा के पोते श्री आशीष का दु:खद निधन हो गया है, हरियाणा विधान सभा के सदस्य श्री दुड़ाराम के पिता श्री मनफूल जी बहुत ही अच्छे व्यक्ति थे और बहुत ही शरीफ आदमी थे, वे भी यह दुनिया छोड़कर के चले गए हैं उनके प्रति भी मैं श्रद्धा के सुमन अर्पित करता हूं। हमारी सदन की सदस्या कुमारी शारदा राठौर के पिता श्री अमर सिंह जी भी बहुत ही अच्छे आदमी थे। कुमारी शारदा राठौर जी बता रही थीं कि उनके पिता ही उनको राजनीति में लेकर आए थे। उनके प्रति भी मैं श्रद्धा के सुमन अर्पित करता हूं। माननीय अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता ने जो शोक प्रस्ताव सदन में रखा है मैं भी अपने आपको उसके साथ जोड़ता हूं और दिवंगतों के शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुख्यमंत्री जी ने जो प्रस्ताव सदन में रखा है और दिवंगत आदमियों के प्रति माननीय सदस्यों ने जो अपने विचार प्रकट करे हैं, मैं भी अपनी भावनाएं उनके साथ जोड़ता हूं। पिछले सैशन के समाप्त होने के पश्चात् और इस सैशन के आरम्भ होने के बीच में हमारे बीच में से कई महान् विभूतियां इस दुनिया को छोड़ कर चली गई हैं। सबसे पहले मैं सरदार लछमन सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री के निधन पर गहरा शोक प्रकट करता हूं। उनका निधन हृदय गति रुक जाने की वजह से हुआ है। वे बहुत ही अनुभवी विधायक थे। वे 1967, 1977 और 1982 में विधान सभा के चुनाव लड़कर आए थे। उन्होंने खासकर कालका क्षेत्र की जी-जान से सेवा की थी। उन्होंने 1978 से लेकर 1983 तक मंत्री रहते हुए कई कार्यालयों का कार्य-भार सम्भाला था। आज वे हमारे बीच में नहीं रहे हैं इसका हमें बेहद दु:ख है। इसके साथ ही मैं स्वतन्त्रता सेनानियों के निधन पर जिनका नाम मुख्यमंत्री जी ने शोक प्रस्ताव में दिया है, गहरा शोक प्रकट करता हूं। आज स्वतन्त्रता सेनानियों के बलिदानों का नतीजा है कि आज हम आजाद देश में बैठे हुए हैं। आज हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए और सच्चे मन से तन से और धन से देश की सेवा करनी चाहिए। मैं उन सभी शहीदों को शत-शत नमन करता हूं जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया है। मैं उन शहीदों के प्रति गहरा शोक प्रकट करता हूं। इसके साथ ही वाराणसी बम विस्फोट में कई मासूमों का भी निधन हुआ है, उसकी भी मैं निंदा करता हूं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के मामा के पोते श्री आशीष जी के दु:खद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता हूं। हमारे हरियाणा के विधायक श्री दुड़ा राम जी के पिता और हमारे उप-मुख्यमंत्री के चाचा और हरियाणा विधान सभा के सदस्य चौधरी भजन लाल जी के छोटे भाई श्री मनफूल सिंह तथा संसदीय सचिव कुमारी शारदा राठौर के पिता श्री अमर सिंह के दु:खद निधन पर भी मैं गहरा शोक प्रकट करता हूं। मैं दिवंगतों के शोक

संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। मैं परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उन शोक संतप्त परिवारों तक इस सदन की संवेदना पहुंचा दी जाएगी। अब मैं दिवंगत आत्माओं के सम्मान में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन धारण करने के लिए सदन के सभी सदस्यों से खड़ा होने के लिए अनुरोध करता हूं।

(इस समय सदन ने दिवंगत आत्माओं के सम्मान में खड़े होकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।)

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष: आनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल होंगे।

Damage caused to the Mustard Crop

***389. Sh. Radhey Shyam Sharma :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) whether it is a fact that the mustard crop in Southern Haryana has been damaged due to severe cold during this year; and

(b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to provide financial assistance to the affected farmers of the said area ?

Revenue Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :

(a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

श्री राधेश्याम शर्मा अमर : स्पीकर साहब, यह सरकार किसानों की सरकार है और किसानों का हित करने वाली सरकार है। अगर राज्य सरकार किसी कानून के कारण मुआवजा नहीं दे सकती तो क्या माननीय मंत्री महोदय कोई और विकल्प ढूंढकर उन किसानों को जिनकी सरसों की फसल पहले तो सर्दी के कारण समाप्त हो गयी और अब जो वर्षा हुई, उससे उनकी सरसों की सारी खड़ी फसल के दाने झड़ गये, किसानों को कुछ नहीं मिला, उनको मुआवजा दिलवाने की कृपा करेंगे ? क्या माननीय मंत्री महोदय और कोई विकल्प ढूंढकर किसानों की सहायता करने में समर्थ नहीं हैं ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो सरसों की फसल के बारे में मुद्दा उठाया है तो यह बात सही है कि इस बार जीरो डिग्री से कम तापमान चला गया था। लेकिन जो क्लैमिटी रिलीफ फंडज 12वें फाईनेंस कमीशन द्वारा बनाया गया था उसमें पाला कवर्ड नहीं है। इसके तहत साइक्लोन, ड्राउट, हेल स्टोर्म, अर्थ-क्वेक, फायर, फ्लड और सुनामी जैसी कई किस्म कि बातें कवर्ड हैं। जो क्लैमिटी रिलीफ फंडज है इसमें 75 परसैंट पैसा सैंट्रल गवर्नमैंट का और 25 परसैंट पैसा हमारा होता है। मुख्यमंत्री जी ने शरद पवार जी को भी 25-1-2006 को सरसों

[कैप्टन अजय सिंह यादव]

की फसल के बारे में लिखा है कि जो पाला है उसको भी कलैमिटी रिलीफ फंडज के तहत कवर्ड किया जाए। स्वयं भी मुख्यमंत्री महोदय इस बारे में उनसे मिले हैं और इसके बाद उन्होंने फाईनैंस मिनिस्टर को भी एक चिट्ठी लिखी है। इसके इलावा उन्होंने एक चिट्ठी पाटिल साहब को भी लिखी है लेकिन इसमें समस्या यह है कि सी०आर०एफ० की जो परिभाषा है उसमें पाला कवर नहीं होता है। फिर भी मैं इनको बताना चाहूंगा कि हरियाणा के अंदर पहली बार अपनी नैशनल इंश्योरैन्स स्कीम इस बारे में चलायी गयी है। इस स्कीम में 13 जिलों के अंदर 73 ब्लाक्स हैं। इस स्कीम के तहत हिसार, फतेहाबाद, सोनीपत, गुड़गांव, फरीदाबाद, रोहतक, सिरसा, भिवानी, झज्जर, जींद, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी और मेवात जिलों को कवर्ड किया गया है। स्पीकर सर, इससे पहले किसी भी सरकार ने मस्टर्ड क्राप को इंश्योरैन्स स्कीम के तहत कवर नहीं किया है लेकिन हमारे मुख्यमंत्री महोदय के प्रयासों से पहली बार मस्टर्ड और ग्राम की क्राप्स को इस स्कीम के तहत लाया गया है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि पिछली स्टेट गवर्नमैंट ने जनवरी, 2002 में सैन्ट्रल गवर्नमैंट को लैटर लिखा, उस समय सैंटर में एन०डी०ए० की सरकार थी और श्री ओम प्रकाश चौटाला जी हरियाणा के मुख्यमंत्री थे उनकी उस रिक्वैस्ट को भी इन्होंने टर्न डाउन कर दिया था। नैशनल इंश्योरैन्स स्कीम के तहत अगर 20 परसैंट से ज्यादा किसी भी फसल का नुकसान होता है तो उसको इंश्योरैंस स्कीम के तहत कवर किया जाएगा। इस इंश्योरैंस स्कीम में कोल्ड फ्रोस्ट को भी इन्क्लयूड किया गया है। टोटल 48833 किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी क्राप को इंश्योर्ड करवा रखा है, जिसके तहत उनकी फसल का नुकसान होने पर उन्हें रिलीफ मिल सकता है। लेकिन जब तक ये सी०आर०एफ० में इन्क्लयूड नहीं किया जाता तब तक सरकार अपनी तरफ से पैसा दे सकती है क्योंकि इसमें 75 परसैंट कंट्रीब्यूशन सैन्ट्रल गवर्नमैंट का है।

श्री एस०एस० सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि हरियाणा का पूरा जोन हेल स्टोर्म जोन है। यह सर्वविदित है, एग्रीकल्चरिस्ट जानते हैं और रेवैन्यू वाले भी जानते हैं। पूरा हरियाणा ओला वृष्टि के जोन में है। कोई साल ऐसा नहीं जाता कि जब जनवरी फरवरी में कहीं न कहीं ओले न पड़ते हों। इसी तरह हर साल सर्दियों में पाला पड़ता है। सरसों की क्राप कमजोर क्राप है इसलिए पाले को सरसों की फसल बर्दाश्त नहीं कर सकती। क्या मुख्यमंत्री महोदय सैंट्रल गवर्नमैंट से दोबारा बात करेंगे कि पाला और ओला वृष्टि इन दोनों को भी एन०सी०आर०एफ०के अंदर शामिल किया जाए नहीं तो हरियाणा का किसान इसी तरह से सालों साल मरता रहेगा? जहां तक मंत्री महोदय ने इंश्योरैंस स्कीम की बात की है तो मैं कहना चाहूंगा कि वर्तमान स्थिति में आज जो इंश्योरैंस स्कीम है वह केवल कोपरेटिव बैंक्स के जो लोनीज है यानि जो मैम्बर्ज हैं, उनके ऊपर लागू है जो कि बहुत कम लोग हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि तहसील या ब्लाक ही उसका एरिया हैं, पूरे गांव या पूरे इलाके इसमें कवर्ड नहीं होते । जब तक इस इंश्योरैंस स्कीम को अमैंड करके इसको इंडीविज्यूअल लैवल पर नहीं लाएंगे और इसका स्कोप वाइड नहीं करेंगे तब तक इसका पूरा फायदा आम आदमी को नहीं हो पाएगा इसलिए स्कोप वाइड करना चाहिए। इसके साथ-साथ मेरी अर्ज है कि ओला वृष्टि और पाले को एन०सी०आर०एफ० में शामिल करवाया जाए।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैंने विस्तार से इस स्कीम के बारे में बताया है कि मुख्यमंत्री महोदय ने इसके लिए खूब प्रयास किए हैं और उन्होंने सैंट्रल गवर्नमैंट को लैटर भी

लिखे हैं। जहां तक इन्होंने सवाल उठाया है कि पाले को भी एन०सी०आर०एफ० में इन्क्लयूड किया जाए तो इस बारे में हमारी कोशिश अभी भी जारी है। जहां तक इन्होंने इंश्योरैंस स्कीम के बारे में बात की है तो इसमें जो नॉन लोनीज हैं वे भी अपनी क्राप को इंश्योर करवा सकते हैं। सरकार इस बारे में पूरा प्रयास कर रही है कि इसका पूरा प्रचार किया जाए। केवल 20 प्रतिशत जो किसान को देना पड़ता है उसमें से 10 प्रतिशत प्रीमियम सबसिडी स्टेट गवर्नमैंट देती है इसलिए सरकार की तरफ से इसमें सबसिडी का भी प्रावधान है और हर प्रकार की सुविधा है लेकिन आने वाले समय में सरकार इसका थोड़ा प्रचार और करेगी ताकि आम व्यक्ति अपनी क्राप को इंश्योर करवा सके। मैं समझता हूं कि इसका पता आम व्यक्ति को होना जरूरी है।

श्री नरेश यादव : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने विस्तार से इस स्कीम के बारे में बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री महोदय ने लैटर्ज लिखे हैं लेकिन मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी, गोदबलावा और अटेली के कुछ ऐसे ब्लाक हैं जिनके अंदर 6 महीनों से पानी की एक बूंद भी नहीं गई जिसके कारण उनकी सरसों की फसल भी बर्बाद हो गई। बैंकों के अधिकारी अपनी जीप और गाडियां लेकर अभी भी किसानों को परेशान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री महोदय सदन में मौजूद हैं क्या वे बताएंगे कि किसानों के ऋण की अदायगी की मांग जो बैंक वाले कर रहे हैं उन पर कोई रोक लगाएंगे और उनकी ब्याज की राशि को माफ करने का काम करेंगे क्योंकि यह राहत उन्हें केवल सरकार दे सकती है ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने कोओपरेटिव बैंक के अधिकारियों को किसानों को अरैस्ट करने की जो हिदायतें दे रखी थीं, उन पर अब रोक लगाने के लिए कहा है और हरियाणा पहला प्रदेश है जहां इस प्रकार का इंतजाम किया गया है। जहां तक महेन्द्रगढ़ की बात इन्होंने की है तो मैं इनको कहना चाहूंगा कि महेन्द्रगढ़ में 29,211 ऐसे किसान हैं जिन्होंने अपनी क्राप इंश्योर करवा रखी है। मैं बताना चाहूंगा कि जहां तक फसल का सवाल है, फसल आज के दिन बहुत अच्छी है। यह बात ठीक है कि फसल को कुछ नुक्सान हुआ है। जहां तक पानी टेल तक पहुंचाने की बात है, पानी टेल तक पहुंचा है और कुछ एरियाज में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए काम चल रहा है, वहां भी पानी टेल तक पहुंचेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को जानकारी देना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार ने हैफेड के जरिये पिछले साल तीन लाख छः हजार टन सरसों किसानों से खरीदी है जो कि पहली बार हुआ है जबकि पिछली सरकार के समय में 75 हजार टन सरसों ही खरीदी गई थी। विपक्ष के साथी तो अपने आपको किसान हितैषी कहते थे लेकिन इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किसानों का एक दाना नहीं खरीदा।

डा० सुशील इंदौरा : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी की इस बात से सहमत हूं कि केन्द्र सरकार फसल पर पाले की मार को नैचूरल क्लेमिटी रिलीफ फंड में शामिल नहीं करती। हरियाणा प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और अनाज के मामले में केन्द्रीय पूल में अच्छा योगदान हरियाणा प्रदेश का होता है। जिस प्रकार से हमारे मुख्यमंत्री जी ने किसानों का 1600 करोड़ रुपये का बिजली का बिल माफ किया है उसी आधार पर जिन किसानों की फसलों को पाले के कारण नुक्सान हुआ है क्या उनको मुआवजा देने का कोई प्रावधान सरकार की तरफ से बजट में किया जायेगा ? दूसरी

[डा0 सुशील इंदौरा]
बात मैं यह कहना चाहता हूं कि फसल खराब होने के कारण किसान आबयाना नहीं भर सकते क्या उनका आबयाना माफ किया जायेगा ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, जिस समय इनकी सरकार हरियाणा में थी और केन्द्र में एन०डी०ए० की सरकार थी जिसमें ये भाई भी शामिल थे, उस समय इन्होंने भी इस बारे में केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखी थी लेकिन केन्द्र सरकार ने पाले की मार को नैचूरल क्लेमिटी रिलीफ फंड में नहीं माना । मैं अपने साथी को बताना चाहूंगा कि जब तक इसको केन्द्र सरकार नैचूरल क्लेमिटी रिलीफ फंड के दायरे में नहीं लेगी तब तक हमारी सरकार पैसा नहीं दे सकती। (विघ्न)

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, जो मेरे साथियों ने चर्चा की है उस बारे में कहना चाहूंगा कि जहां तक हरियाणा सरकार का सवाल है, हरियाणा सरकार किसान हितैषी सरकार है। जो पहले वाली सरकार थी वह सिर्फ किसानों का नाम-नाम लिया करती थी लेकिन किसानों के हितार्थ कोई कार्य नहीं किया। जहां तक सरसों की फसल का सवाल है आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि पिछले साल हमारी सरकार ने तीन लाख मीट्रिक टन सरसों किसानों की खरीदी थी जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। अब की बार भी हमारी सरकार सरसों की फसल और दूसरी फसलों की खरीददारी करेगी। अब की बार अनुमानित 4 से 5 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद हमारी सरकार करेगी। इसके अतिरिक्त दो-तीन सवाल और उठे हैं। एक सवाल तो चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला जी ने उठाया था। मैं सदन को जानकारी देना चाहूंगा कि हैल स्टोर्म तो पहले से ही एन०सी०आर०एफ० में कवर है। पिछली सरकार के समय में हैल स्टोर्म से फसलों को जो नुक्सान हुआ था उसका मुआवजा भी हमारी सरकार ने आने के बाद किसानों को दिया है। इसके अतिरिक्त इंश्योरैंस की बात कही गई। यह बात ठीक है कि इस समय ब्लाक यूनिट चल रहे हैं और फसल को कितना नुक्सान हुआ है इसका आंकलन फसल आने के बाद ही हो सकता है कि कितने प्रतिशत फसल कम हुई है। अध्यक्ष महोदय, फसल इन्श्योरैंस स्कीम सभी किसानों के लिए ओपन है जिसमें 10 प्रतिशत पैसा सरकार देती है। बहुत सारे ऐसे किसान हैं जिन्होंने अपनी फसल का बीमा नहीं करवाया है। इनकी यह बात ठीक है कि ब्लाक लैवल की यूनिट न बनाकर विलेज लेवल पर यूनिट बनाई जायें। इस पर हम विचार करेंगे और इन्श्योरैंस कंपनी वालों से भी बात करेंगे। मैं सदन को यह जानकारी भी देना चाहूंगा कि पिछले साल जब सरसों की खरीद चल रही थी तो कुछ मण्डियों में समस्या हुई थी। किसानों को लम्बी लाईन लगाकर खड़ा होना पड़ा था और कई-कई दिन उनको इन्तजार करना पड़ा था। नैफेड सरसों की खरीद कर रहा था और नैफेड ने यह कहा कि सिर्फ सोसाईटीज़ के थ्रू हैफेड सरसों खरीदेगा। हमने भी प्रयास किया और व्यापारियों और आढ़तियों के थ्रू भी हमने सरसों की खरीद की। अब की बार हमने यह फैसला किया है कि नैफेड, हैफेड के थ्रू सरसों खरीदेगा। लेकिन जो आढ़ती हैं वे भी खरीदेंगे ताकि किसानों को सुविधा हो और समय पर उनकी सरसों की खरीद हो जाए। जो सरसों आढ़तियों के थ्रू आएगा उसको साफ करने के लिए 10.70 रुपये हैफेड अपनी कमीशन में से देगा ताकि जल्दी से जल्दी उसका निपटारा हो सके।

Desilting of Canals

***393. Dr. Sita Ram :** Will the Minister for Irrigation be pleased to state—

(a) whether the desilting and repair work of the canals has been done in the State during the year 2005; if so, the district-wise details of the amounts spent thereon; and

(b) if the reply to part (a) above be in negative, whether there is any proposal under consideration of the Government to desilt the canals during the year 2006 ?

Revenue Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :

(a) & (b) Sir, a statement is laid on the Table of the House.

Statement

Against a budget provision of Rs. 45.54 Crores during 2005-06 for the purpose, an expenditure, of Rs. 31.71 Crores has been reported upto 31.1.2006. District-wise details are as under:—

(Rs. in lacs)

Sr. No.	Name of District	Amount Spent
1.	Ambala	51.74
2.	Bhiwani	495.01
3.	Faridabad	52.00
4.	Fatehabad	223.20
5.	Gurgaon	40.50
6.	Hissar	323.50
7.	Jhajjar	101.40
8.	Jind	238.30
9.	Kaithal	132.00
10.	Karnal	108.92
11.	Kurukshetra	94.95
12.	Mahendergarh	240.42
13.	Panipat	106.00
14.	Rewari	163.50
15.	Rohtak	260.56
16.	Sirsa	266.00
17.	Sonepat	182.00
18.	Yamuna Nagar	91.20
Total		3171.20
		Say Rs. 31.71 Crores

Desilting and repair of Canals is an annual feature and a provision would be made in the Annual Budget of 2006-07 also.

डा०सीता राम : अध्यक्ष महोदय, माननीय मन्त्री महोदय ने अपनी रिप्लाई में कहा है कि वर्ष 2005-06 के अन्दर नहरों की गाद निकालने एवं मरम्मत के लिए 45.54 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया है और खर्च सिर्फ 31.71 करोड़ रुपये हुए है । मैं माननीय मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जितनी हमारी नहरें और खालें हैं तथा जो माईनर्ज हैं क्या उनकी डिसिल्टिंग की गई है, क्या गाद निकालने का काम पूरे प्रदेश में किया गया है ? दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या अभी भी कुछ नहरें और ड्रेनेज ऐसी हैं जिनकी गाद निकालने का काम अधूरा रह गया है ? इसके साथ मैं यह भी जानना चाहता हूं कि किस एजैंसी के माध्यम से नहरों की गाद निकालने का काम किया गया है?

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि जो टोटल प्रावधान किया था वह 45.54 करोड़ रुपये का किया गया था जिसमें से 10 मार्च तक हमने 34.90 करोड रुपये इस कार्य पर खर्च कर दिये हैं । इसके साथ ही मैं इनको यह भी बताना चाहूंगा कि टोटल 29.11 करोड़ रुपये वर्ष 2004-05 में डि-सिल्टिंग के कार्य पर खर्च किए गए थे और उससे पहले वर्ष 2003-04 में 23 करोड रुपये इस काम पर खर्च हुए थे, वर्ष 2002-03 में 15.78 करोड़ रुपये और वर्ष 2001-02 के अन्दर 22.95 करोड रुपये खर्च हुए थे। इस साल हमने 34.94 करोड़ रुपये डि-सिल्टिंग के काम के लिए खर्च कर दिए हैं। मैं समझता हूं अभी भी हमारे पास समय और भी पड़ा हुआ है लेकिन जो हम डि-सिल्टिंग करवा रहे हैं उसमें ट्रांसपिरैंसी लाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश से हमने एस०डी०एम० के अण्डर एक कमेटी बनाई है। अब पेमैंट का ऐसा सिस्टम नहीं है कि मन में आया जिस किसी को पेमैंट कर दी। अब सिस्टम यह है कि जब तक एस०डी०एम० इन्डोर्स नहीं करेगा कि डि-सिल्टिंग का काम अच्छी तरह से हो गया है तब तक उसकी पेमैंट नहीं होगी । यह जो टैंडर सिस्टम किया है उसमें अलग-अलग एजैंसीज़ हैं जो अपने तौर पर अपने लैवल पर टैंडर सबमिट करती हैं और सारा कार्य उनके द्वारा किया गया है। उसमें पेमैंट बाकायदा तभी की जाती हैं जब एस०डी०एम० उसको इन्डोर्स करता है। उस कमेटी में हमने नॉन ऑफिशियल मैम्बर्ज बनाने का प्रावधान भी किया है। जो गाद निकाली जाती है उसको हम चैक करवा रहे हैं और अगर कहीं पर किसी प्रकार की कोई गलती पाई जाती है तो हम उनके खिलाफ कार्यवाही करते हैं।

डा० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने बताया है कि डि-सिल्टिंग का काम पूरे प्रदेश में चल रहा है। हम भी लोगों के बीच में घूमते फिरते हैं लेकिन हमें कहीं पर भी ऐसा नहीं लगा कि पूरे प्रदेश में डि-सिल्टिंग का काम चल रहा है, नहरों और माईनर्ज की सफाई का काम चल रहा है (विघ्न)

श्री अध्यक्ष: डॉक्टर साहब, अगर कोई स्पैसिफिक माईनर है तो उसके बारे में आप बताईये।

डा० सीता राम : अध्यक्ष महोदय, डबवाली माईनर है, चौटाला माईनर है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : डॉक्टर साहब, चौटाला माईनर नहीं है वे तो मेजर हैं।

डा० सीता राम: अध्यक्ष महोदय, डबवाली डिस्ट्रिब्यूटरी है, वहां पर जाने के बाद मैंने देखा है कि वहां पर कोई काम नहीं हुआ है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, प्रोपर सिरसा जिला के अन्दर इनकी सरकार के समय में 293.17 लाख रुपये खर्च किए गए थे। अभी 31 मार्च दूर है लेकिन हमने अब तक 269.50 लाख रुपये खर्च कर दिए हैं। इनके समय में रिवाड़ी में केवल 75 लाख रुपये खर्च किए गए थे जब कि हमारे समय में 185 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि इनकी सरकार की तरह हमने किसी भी कांस्टीच्यूएंसी में भेदभाव की नीति नहीं अपनाई। इनके समय में पूरे हरियाणा प्रदेश के अन्दर केवल एक ही टैंडर हुआ करता था जबकि हमारी सरकार के समय में इस प्रकार की बात नहीं है। (विघ्न)

Mr. Speaker : Yadav ji, what is your supplementary ?

श्री नरेश यादव : अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में डिल्सिटिंग का पैसा तो लग रहा है लेकिन जो मोस्ट इफैक्टिव एरिया नांगल चौधरी और अटेली है, वहां पर पानी की बहुत दिक्कत है। क्या किसी एक माईनर का नाम ये बताएंगे जहां पर सफाई पर कार्य किया जा रहा है ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं महेन्द्रगढ़ के बारे में बता रहा था। वहां पर पिछले साल 96.4 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

श्री नरेश यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से सिर्फ यही जानना चाहता हूं कि ये मुझे सिर्फ नांगल चौधरी और अटेली की किसी एक माईनर का नाम बता दें, कि इस इस माईनर पर काम हो रहा है या हुआ है।

Mr. Speaker : Yadav ji, you ask separate question.

कैप्टन अजय सिंह यादव : नरेश जी, आपको तो यह कहना चाहिए कि काम हो रहा है। आप तो उल्टा गल्तियां निकालने का काम कर रहे हो।

चौ0 धर्मपाल सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से सवाल है कि डिसिल्टिंग का क्या पीरियड निर्धारित किया हुआ है कि कब-कब और कहां-कहां पर डिसिल्टिंग की जाएगी ? स्पीकर सर, डिस्लिटिंग का जितना फंड है उसका मिसयूज होता है। जब बरसातें आती हैं तो नहरें चलने लग जाती है लेकिन उसके थोड़े दिन पहले ही वहां पर यह काम किया जाता है जिसका कोई फायदा नहीं होता है. मैं कैप्टन साहब की उस बात को एप्रीशिएट करता हूं कि जो इन्होंने कहा है कि डिसिल्टिंग के लिए एक कमेटी बनाई हुई है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इनको बताना चाहूंगा कि रबी, खरीफ और पैडी की फसल की बोआई से पहले नहरों की सफाई करवाते हैं। अध्यक्ष महोदय, सभी नहरें डिफरैंट डिफरैंट पीरियड्ज में चलती हैं, उनके बंद होने पर हम उनकी सफाई करवाते हैं। हम साल में पांच बार सफाई का काम शुरू करवाते हैं। जहां पर जिस वक्त सफाई की जरूरत होती है वहां पर हम उसी हिसाब से काम करवाते हैं।

Irregularity committed in the Appointment of Class-IV

*343. **Sh. Karan Singh Dalal** : Will the Minister for Education be pleased to state :

(a) whether the State Government has received any complaint with affidavit in regard to the irregularities committed in the regularization/ appointment of class IV employees in the schools of district Mahendergarh during the year 2004 and 2005;

(b) whether any enquiry has been conducted in this regard, if so, the action taken thereon; and

(c) whether any responsibility has been fixed for the lapses; if so, details thereof and action taken against them ?

Education Minister (Sh. Phool Chand Mullana) :

(a) Yes, Sir. A complaint was received from Sh. Rajesh Kumar, JBT teacher, Govt. Primary School, Bass Khudana (Mahendergarh) in regard to the irregularities committed in the regularization/appointment of Class IV employees.

(b) Yes, Sir. An enquiry was conducted into the matter by Sh. Anil Sharma, HCS, Joint Director, Administration (Primary). On the basis of this enquiry report, show-cause notices were issued to the concerned employees who were irregular employed. Thereafter, these employees filed a CWP No. 6241 of 2005 in the Hon'ble High Court and the Hon'ble High Court has quashed the orders of show-cause notices in its decision dated 25-4-2005. After further consideration, the Haryana Govt., has ordered a Vigilance Inquiry into the matter vide its memo No. 63/64/2004-Vig. (II) dated 17.1-06. The inquiry report is still awaited.

(c) Yes Sir. On the basis of the departmental enquiry, 2 District Education Officers, 1 District Primary Education Officer, 6 Sub-Divisional Education Officers, 22 Block Education Officers, 3 Principals and 14 Headmasters were found responsible for such irregularities. Before further action could be taken against these persons, the same complainant Sh. Rajesh Kumar, JBT teacher, Govt. Primary School, Bass Khudana (Mahendergarh) filed a fresh Public Interest Litigation through CWP No. 1562 of 2005 in the Hon'ble High court and prayed for fresh enquiry. Accordingly, the Department has again ordered a fresh inquiry into the matter, by appointing Sh. Shish Pal Yadav, Joint Director O/o Commissioner & Director General School Education, Haryana, as Enquiry Officer. In the meanwhile, the Haryana Govt., Vigilance Department vide its memo No. 63/64/2004-Vig. (II) dated 17-1-06 has also ordered Vigilance Inquiry into the matter. Action would be taken after receipt of the Inquiry report (s).

श्री कर्ण सिंह दलाल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जो जानकारी इन्होंने सदन के पटल पर रखी है वह साफ तौर पर यह दर्शाती है कि क्लास IV के इम्पलाईज की भर्ती पर 1996 में पाबन्दी होने के बावजूद गैर कानूनी तरीके से भर्ती की गई थी। मंत्री जी ने अपने जवाब में भी माना है कि कई अधिकारी इसमें शामिल हैं जिन्होंने प्रदेश के खजाने को नुक्सान पहुंचाने के लिए गैर काबिल लोगों को भर्ती करने की एक साजिश की थी। इसमें डी०ई०ओज०, बी०ई०ओज० और एस०डी०ई०ओज० शामिल हैं। उन्होंने पिछली सरकार के राजतंत्र की मिलीभगत से यह काम किया है। उनकी मिलीभगत के बगैर यह काम हो नहीं सकता था। मैं शिक्षा मंत्री जी से यह आश्वासन चाहता हूं कि जो भी बड़े अधिकारी उसमें शामिल थे और राजतंत्र से जुड़े हुए लोग थे, क्या उनको कानूनी तौर पर ये सजा दिलवाएंगे?

श्री फूलचंद मुलाना : अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैंने पिछले सत्र में एक सवाल के जवाब में भी बताया था। अध्यक्ष महोदय, उनका तो यही हिसाब है कि एक बार एक ताई बोली, रमलू तनै रोल्यू। तो रमलू बोला ताई ईंबे क्या तूं आगे आगे देखी जा और तूं रोई जा। स्पीकर सर, जहां पर भी कोई गड़बड़ी सामने आती है तो यह सारी भर्ती उन ओम प्रकाश चौटाला के राज की ही है। चाहे आपराधिक मामले वाले अध्यापकों की बात हो या चाहे फोर्थ क्लास कर्मचारियों की भर्ती की बात हो, यह सब उन्हीं के समय की हैं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, यह रिकार्ड की बात है। हमारे पास लिखा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, की सरकार ने जांच के आदेश दिए और जांच के बाद कई सारे लोग दोषी पाए गए। वे हाई कोर्ट में चले गये। हाई कोर्ट ने वह नोटिस क्वैश कर दिया और कहा कि इसको दोबारा सुना जाए। जब दोबारा सुनवाई की गयी तो फिर एक बार रिट पैटीशन हाई कोर्ट में हो गई और हाई कोर्ट ने फिर कहा कि इसकी दोबारा जांच की जाए। अध्यक्ष महोदय, दोबारा जांच हो रही है और जांच में जैसे माननीय सदस्य ने कहा कि इसमें दोषी और भी हो सकते हैं लेकिन जांच के दौरान जो कोई भी यदि दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

श्री कर्ण सिंह दलाल : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से एक और आश्वासन लेना चाहता हूं। जिस शिकायतकर्ता ने इस बारे में ऐफेडेविट दिया था वह इनके विभाग में एक अध्यापक है। उसकी सुरक्षा के लिए या उसको कोई नुक्सान न हो तो क्या ये इस बारे में भी गौर करेंगे ?

श्री फूलचन्द मुलाना : अध्यक्ष महोदय, जो भी शिकायतकर्ता है उसकी शिकायत पर ही यह सारी कार्रवाई हो रही है इसलिए उसको पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

Replacement of Electricity old wires and conductors

***352. Maj. Nirpender Singh Sangwan:** Will the Minister for Power be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to replace the obsolete electricity wires & conductors of the villages of Dadri constituency; and

(b) if so, by what time the aforesaid proposal is likely to be materialized ?

Power Minister (Sh. Vinod Kumar Sharma) :

(a) Yes Sir, the obsolete and worn out electricity conductors are being regularly removed and replaced with new conductors as and when required. The Scheme for replacement/ augmentation of Conductors of 5 No. of feeders in Dadri Area have been prepared.

(b) The replacement of obsolete conductors of 5 No. 11kv feeders will be completed by December-2006.

श्री एस०एस० सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, बिजली के कंडक्टर्ज के बारे में मंत्री जी ने यह बताया कि the obsolete and worn out electricity conductors are being regularily removed and replaced with new conductors. यह बहुत अच्छी बात है क्योंकि यह काम पन्द्रह साल या दस साल से शुरू किया गया है। इनकी हालत बहुत खराब हैं। गावों में कई जगहों पर बिजली की तारें लटकी हुई हैं जिसकी वजह से ऐक्सीडैंटस होते हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या मंत्री जी आपके यह बात नोटिस में है कि डिपार्टमैंट ने एक रेडीक्यूलेटिव तो मैं नहीं कहूंगा लेकिन एक बड़ा अजीब सा फैसला ले रखा है कि जब ट्रांसफार्मर जल जाएगा तो ही उसको रिप्लेस करेंगे? जलने से पहले अगर उनसे कहते हैं कि वह ट्रासफार्मर 100 के०वी०ए० का है और उस पर 150 या 200 के०वी०ए० लोड है इसलिए उसको 200 के०वी०ए० का कर दें तो वह यह बात जानते हुए भी कह देते हैं कि हम मजबूर हैं ऊपर से हुक्म है हम इसको जलने ही देंगे और जलने के बाद ही इसको बदलेंगे तथा हम इसको जिन्दा रिप्लेस नहीं कर सकते। यह बड़ी गलत नीति है क्या मंत्री जी इसको चेंज करेंगे ? अध्यक्ष महोदय, जो ओवर लोडेड ट्रांसफार्मर्ज हैं क्या मंत्री जी उनको रिप्लेस करवाएंगे?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि ऐसी स्थिति कहीं-कहीं हो सकती है कि जहां पर ओवर लोडिंग होती हो। लेकिन हमारे पास ऐसा कोई भी साधन नहीं है जो हमें बता सके कि कौन से ट्रांसफार्मर पर कब ओवर लोडिंग हो जाएगी। कौन-कौन से लोग बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं और कहां कहां पर कितनी ओवर लोडिंग है इसका कोई अन्दाजा पहले से नहीं लगाया जाता। अध्यक्ष महोदय, जितनी जरूरत होती है तो जरूरत के हिसाब से ही हम ट्रांसफार्मर लाईन पर लगाते हैं। अगर कहीं पर शिकायत है या अगर कहीं पर हमें पता चले कि रैगुलर बेसिज पर ओवर लोडिंग हो रही है तो वहां पर ट्रांसफार्मर्ज की रिप्लेसिंग की जाती है।

मेजर नृपेन्द्र सिंह सांगवान : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि कंडक्टर्ज 40 सालों से भी ज्यादा पुराने हैं और मेरे हल्के के सभी गांवों में कंडक्टर्ज लूज हैंग हो रहे हैं जिससे रोजाना कोई न कोई हादसा हो जाता है। कभी ये तारें किसी ट्रैक्टर के आगे अड़ जाते हैं तो कभी किसी और गाड़ी के आगे अड़ जाते हैं। खेतों में जो कंडक्टर्ज लगे हुए हैं वहां पर भी कोई न कोई हादसा हो जाता है। खड़ी फसलें जल जाती हैं। या कहीं कोई मवेशी मर जाते हैं। मैं चाहूंगा कि इन कंडक्टर्ज को जल्दी से जल्दी कार्यवाही करके बदला जाए। अगर इनको जल्दी नहीं बदला गया तो ये हादसे रोजाना होते रहेंगे। जहां तक कम्पनसेशन की बात है तो वह भी इनको नहीं मिलता, इसके लिए सालों साल उनके केस बिजली के महकमें से चलते रहते हैं। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि ट्रांसफार्मर्ज पर कहीं भी ऑफ एण्ड आन

स्विच नहीं लगे हुए हैं। तारें भी बहुत कमजोर हो चुकी हैं। महकमें वाले इनको टाइट करने की कोशिश करते हैं तो वे टूट जाती हैं। ये तारें किसी के घर की छत पर, सड़क या गली में आकर गिरती है जिससे नुक्सान होने का खतरा रहता है।

श्री अध्यक्ष : मेजर साहब, आप सप्लीमैंटरी पूछें।

मेजर नृपेन्द्र सिंह सांगवान : अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा हूं कि जब तक हर ट्रांसफार्मर पर आफ एण्ड आन स्विच नहीं लगाए जाएंगें तब तक ये हादसे बन्द नहीं होंगें। इसलिए मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि ट्रांसफार्मर पर आफ एण्ड आन स्विच कब तक लगाएं जाएंगें ?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैंने अपने जवाब के शुरू में ही बताया है कि दिसम्बर, 2006 तक सभी कंडक्टर्ज रिप्लेस कर दिए जाएंगें। जहां तक माननीय साथी ने आफ एण्ड आन स्विच की बात की है तो मेरी समझ में तो ऐसा कोई स्विच नहीं है। ट्रिपिंग की बात तो समझ में आती है।

मेजर नृपेन्द्र सिंह सांगवान : अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जहां से बिजली आगे जा रही है वहीं से बन्द कर दी जाये।

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी से पूछना चाहता हूं कि ये हाई टैंशन लाईन्स की बात कर रहे हैं या लो टैंशन लाईन्स की बात कर रहे हैं। या 33 के०वी० सब स्टेशन की बात कर रहे हैं, ये बताने का कष्ट करें ?

मेजर नृपेन्द्र सिंह सांगवान : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मैं लो टैंशन लाईन्स की बात कर रहा हूं जिससे बिजली सप्लाई हो रही है।

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मेरे हिसाब से तो कोई ऐसा स्विच नहीं है जिससे चलती तार को कहीं भी किसी वक्त आफ या आन किया जा सके।

श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान : अध्यक्ष महोदय, यहां बार-बार 700 करोड़ रुपये की राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना का जिक्र आता है कि 700 करोड़ रुपये से इन तारों को बदला जाएगा। क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी योजना है कि पूरे राज्य की लाईनों को बदलने की कॉस्ट को आंका जा सके? देहातों में तारों की हालत बहुत बुरी है । बिजली विभाग के किसी एक्स०इ०एन०या एस०इ० या किसी और अधिकारी को कहते हैं कि इस गांव में यह हादसा हो गया है इसलिए ये तारें बदल दी जायें तो वे अपनी लाचारी का जिक्र करते हैं और इसी 700 करोड़ रुपये का जिक्र करते हैं कि 700 करोड़ रुपये की स्कीम आने वाली है इसलिए मैं मंत्री महोदय को कहना चाहूंगा कि बेहतर यह होगा कि आप सारे जिले की तारों की कीमत को आंककर बाकी के पैसे के लिए किस मंत्री महोदय से कहें क्योंकि उन्होंने हरियाणा स्टेट के लिए बिजली के लिए बहुत पैसा रखा है।

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी की बात से सहमत हूं। जहां तक कन्डक्टर्स को बदलने की बात है तो हमने 2004-2005 में 1700 कि०मी० के कन्डक्टर्स बदले हैं और 2005-2006 में 2345 कि०मी० के कन्डक्टर्स बदले गये हैं। इस प्रकार हमने पिछले साल के मुकाबले आलमोस्ट 33 प्रतिशत ज्यादा कन्डक्टर्स बदले हैं और आने वाले समय में और भी ज्यादा कन्डक्टर्स को बदलने की कोशिश करेंगे।

श्री शादी लाल बत्रा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि कन्डक्टर्स और ट्रांसफार्मर्स जो फील्ड में लगे हुए हैं उनकी नार्मल लाईफ कितनी है और अगर उनकी नार्मल लाईफ पूरी हो गई है तो उनको बदलने की सरकार की क्या योजना है ?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि सारे कन्डक्टर्स के बारे में तो जवाब देना बहुत मुश्किल है लेकिन पता करा लेंगे कि कितने हजार किलोमीटर कन्डक्टर्स लगे हुए हैं और उनमें से कितने पुराने हैं और कितने बदलने वाले हैं इसका विश्लेषण करवा लिया जायेगा।

श्री दूड़ा राम : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या खेतों और ढाणियों में बिजली के कनैक्शन देने के बारे में सरकार की कोई योजना है ?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि अगर कनैक्शन के लिए हमारे पास कोई भी एप्लीकेशन आयेगी तो उस पर विचार किया जाएगा।

चौ०अर्जन सिंह : अध्यक्ष महोदय, जिन किसानों ने ट्यूबवैल के कनैक्शन लेने के लिए 15-20 साल पहले सिक्योरिटी भरी थी उनको कनैक्शन नहीं दिए गए, उनकी सिक्योरिटी कैंसिल कर दी गई और नई स्कीम के तहत पैसे लेकर ट्यूबवैल के कनैक्शन दिए जा रहे हैं। जो गरीब किसान हैं वे इतना अधिक पैसा नहीं दे सकते। क्या उन किसानों को जिन्होंने 15-20 साल पहले सिक्योरिटी भरी थी उनको बिना पैसे जमा करवाये पिछली सीनियोरिटी के आधार पर ट्यूबवैल के कनैक्शन दिए जायेंगे ? इसके साथ-साथ मैं मंत्री जी से यह भी जानना चाहूंगा कि मेरे हल्के में बिजली की तारें बहुत लूज हैं जिसके कारण बीचपुड़ी, लाकड़मथ प्रतापपुर, खदरी टप्पू माजरी आदि कई गांवों के फूस के मकानों में आग लग गई। इसके कारण ही कई पशु जल गये। एक औरत इतनी अधिक मात्रा में जल गई कि उसे पी०जी०आई०, चण्डीगढ़ में भर्ती करवाना पड़ा और आज भी वह वहीं भर्ती है। इसलिए मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि मेरे हल्के में जो बिजली की तारें लूज हैं उनको कब तक बदला जायेगा। ?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, बिजली के बारे में कई माननीय सदस्यों ने सवाल उठाये हैं। मैं पूरे सदन की जानकारी में लाना चाहूंगा कि हम राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना के अंतर्गत 700 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू कर रहे हैं जिसमें 84 करोड़ रुपये की मंजूरी हो भी गई है। आने वाले पांच साल तक यह योजना पूरी की जायेगी। उसके बाद बिजली के क्षेत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं रहेगी।

Releasing of Electricity Connections to Tubewells

*396. **Sh. Naresh Yadav :** Will the Minister for Power be pleased to state

(a) the total number of electricity connections to tubewells for agricultural sector released in district Mahendergarh during the

period for 2004 to 2005 togetherwith the details of total number of applications for such electricity connections lying pending at present in the said district; and

(b) whether there is any proposal under consideration of the Government to formulate any new and simple policy to release the electricity tubewell connections for agricultural sectors; if so, the details thereof ?

Power Minister (Sh. Vinod Kumar Sharma) :

(a) Sir, during the financial year 2004-05 and 2005-06 (upto 02/2006) in Mahendergarh district 460 and 491 tubewell connections respectively were released. 934 No. tubewell connections are lying pending for release as on 28-2-2006.

(b) As per policy, the work of release of tubewell connections is being got done on turn-key basis, for which all the material except Transformers is being supplied by the contractor. It is expected that the pendency of Tubewells as on 28-2-2006 will be cleared by 30-9-2006.

श्री नरेश यादव : अध्यक्ष महोदय, पहली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि किसानों ने अपने ट्यूबवैल्ज के लिए बिजली के कनैक्शन लेने के लिए एक डेढ़ साल से पैसे भरे हुए हैं। जिन किसानों को इतना समय पैसे भरे हुए हो गया और जिनको अब तक कनैक्शन नहीं मिले हैं क्या सरकार उनको जो पैसा उन्होंने भरा है, उस पर ब्याज देगी ? दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अब ठेकेदारों द्वारा बिजली के कनैक्शन दिए जाते हैं। पहले विभागीय जे०ई० आदि कनैक्शन देने के लिए रिश्वत लेते थे, अब ठेकेदारों के लोगों को किसान पहले अपना नम्बर लगवाने के लिए पैसे देते हैं। अगर उनको पैसे नहीं दिए जाते तो वे कनैक्शन देने में ढिले कर देते हैं। क्या उन पर सरकार कोई कार्यवाही करेगी ?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, जहां तक मेरे साथी ठेकेदारों द्वारा पहले कनैक्शन देने की बात कह रहे हैं इस बारे में मैं मेरे साथी को बताना चाहूंगा कि ठेकेदारों को विभाग की तरफ से नम्बरिंग दी जाती है उसी हिसाब से वे कनैक्शन करते हैं। अपने हिसाब से वे कनैक्शन पहले या बाद में नहीं कर सकते। जहां तक पैसे जमा करवाने की बात है एक डिमांड नोटिस के अगेन्सट 20 हजार रुपये जमा करवाये जाते हैं और पर स्पैन के हिसाब से अलग पैसे जमा करवाये जाते हैं। महेन्द्रगढ़ जिले में अब तक जो ट्यूबवैल्ज के कनैक्शन दिए गए हैं उनकी जानकारी मैं अपने माननीय साथी को दे देता हूं। नारनौल में 10446 डिमांड नोटिस ईशू हुए थे। जिसमें से 6926 लोगों ने 20 हजार रुपये जमा करवाये थे। इनमें से 4837 लोगों ने आगे की रिक्वायर्ड अमाउंट जमा करवाई थी। इसलिए इसमें से 4090 कनैक्शन रिलीज हो गये हैं और 547 कनैक्शन अभी पैंडिंग हैं।

श्री रामकिशन फौजी : अध्यक्ष महोदय, यह ठीक है कि हमारी सरकार ने ट्यूबवैल्ज के कनैक्शन के रेट कम किए हैं। लेकिन अब भी ऐसे-ऐसे छोटे किसान हैं जिनके पास एक या दो

[श्री रामकिशन फौजी]

एकड़ जमीन ही है और वे अब भी टयूबवैल के कनैक्शन के पैसे नहीं भर सकते। क्या ऐसे छोटे किसानों को सरकार कोई राहत देगी ताकि वे भी अपने टयूबवैल लगा सकें ? दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री जी ने बताया कि राजीव गांधी जी के नाम से बिजली की योजना चलाई जायेगी जिसके तहत किसानों को टयूबवैल के कनैक्शन भी दिए जायेंगे। उसके तहत विभाग वाले कहते हैं कि 6 या 7 खम्बों से ज्यादा का एस्टीमेट नहीं बनाया जायेगा और एक गांव की एक ढाणी में ही इस योजना का लाभ दिया जायेगा। लेकिन कई जगह तो एक गांव की दस-दस या पचास-पचास ढाणिया होती हैं। क्या हर ढाणी में इस योजना के तहत कनैक्शन देने का प्रावधान किया जायेगा ?

15.00 बजे **श्री विनोद कुमार शर्मा :** अध्यक्ष महोदय, यह सही बात है कि आज किसान को कनैक्शन देने के लिए पैसे देने पड़ते हैं लेकिन यह भी सही है कि बिजली हमें बाहर के प्रदेशों से भी खरीदनी पड़ती है। जितनी बिजली हम बनाते हैं उससे कहीं ज्यादा बिजली की खपत हमारे प्रदेश में है। सरकार की कोशिश यह है कि किसान को बिजली की किल्लत महसूस न हो और फसल को बनाने के लिए जितनी बिजली की जरूरत है उतनी बिजली उसको मिलती रहे इस तरफ सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है। अगर हम यह सोचें कि किसी और ऐरिया में बिजली कम दे कर किसानों की बिजली की पूर्ति करें तो मैं समझता हूं कि यह सम्भव नहीं है।

श्री सोमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि टयूबवैल के जो कनैक्शन्ज़ दिये जाते हैं उनमें ट्रांसफार्मर्ज लगाए जाते हैं और ट्रांसफार्मर्ज में जी०ए० स्विच चेंज ऑफ स्विच लगता है उसके लिए किसान से पैसे भी लिये जाते हैं। पिछले पांच साल में जिनको बिजली के टयूबवैल के कनैक्शन्ज मिले हैं उनसे पैसे ले लिये गए हैं लेकिन जी०ए० स्विच नहीं लगाए गए हैं। जमींदार बार-बार चक्कर लगाते रहते हैं। लेकिन उनको जी०ए० स्विच नहीं मिलते हैं। महीने में एस०डी०ओ० हैड क्वार्टर पर दो तीन जी०ए०स्विच आते हैं। लेकिन जो कर्मचारी हैं वे अपनी मर्जी चलाते हैं और जहां चाहे लगा देते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या वे कोई टाईम लिमिट तय करेंगे कि वे जी०ए० स्विच कब तक पूरे लगवा देंगे ?

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, पिछले पांच साल की बात तो हमारे सामने बैठने वालों के शासनकाल की बात है। अगर इनके समक्ष ऐसी कोई बात है तथा खास तौर पर अगर ये यह बता सकेंगे कि पैसा लेने के बाद कहां पर इस प्रकार के स्विच नहीं लगे हैं तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

श्री सोमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह मेरी अपनी कांस्टीच्यूएंसी की बात है। मैं लोहारू की बात कह रहा हूं। मेरे लोहारू सब-डिवीजन में, ढिगावा सब-डिवीजन तथा बहल सब-डिवीजन में आधे से ज्यादा टयूबवैल्ज ऐसे हैं जहां पर चेंज ऑफ स्विच नहीं लगे हैं।

श्री विनोद कुमार शर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि अगर वे लिखकर भिजवा देंगे कि कहां पर ये स्विच नहीं लगे हैं तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। (विघ्न)

